**Patrika (Indore) 10th August 2020, Page-6**

# आइआइटी इंदौर को मिली 100 करोड़ की ग्रांट

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

**इंदौर** ◆ आइआइटी इंदौर को साइंस एंड टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट ने सिस्टम-सिमुलेशन, मॉडलिंग और साइबर-फिजिकल सिस्टम (सीपीएस) के विजुअलाइजेशन पहलुओं पर टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब (टीआईएच) स्थापित करने के लिए 100 करोड़ रुपए के अनुदान को मंजूरी दी गई है। यह प्रस्ताव, आईआईटी इंदौर के 8 फैकल्टी मैंबर्स द्वारा दिया गया था। इनमें डॉ. पवन कुमार कांकर, डॉ. भूपेश कुमार लाड, प्रो. अभिनव क्रांति, डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव, प्रो. संदीप चौधरी, डॉ. अंकुर मिगलानी, डॉ. भार्गव वैद्य और डॉ. किरण बाला शामिल थे। इस मौके पर डायरेक्टर (कार्यवाहक) प्रो. नीलेश कुमार जैन ने बताया कि अधिकांश आधुनिक प्रणालियों में इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) के कारण व्यापक रूप से डिजिटल प्रजेंस देखने को मिल रही है। डॉ. पवन कुमार कांकर ने कहा आइआइटी इंदौर में टीआईएच ने साइबर फिजिकल सिस्टम्स के क्षेत्र में कौशल वृद्धि, प्रौद्योगिकी विकास और उत्पाद व्यावसायीकरण में नेतृत्व करने की योजना बनाई है।